# 27 लाख के वाहन-कृषि यंत्र मुक्त, दो सूदखोर गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत। अवैध सूदखोरी और दबंगई के जरिए भारी रकम की वसूली करने वाले दो आरोपियों को बंडोल पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पीड़ित के कब्जे से छीने गए करीब 27 लाख रुपये कीमत के वाहन और कृषि यंत्र बरामद कर मुक्त कराए। कार्रवाई को जिले में सूदखोरी के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना बंडोल पुलिस ने यह कार्रवाई की।

चौड़ा निवासी राजेश कुमार पाठक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने मारबोड़ी निवासी ब्रजेश राजपूत और स्वदेश राजपूत से 10-10 लाख रुपये ब्याज पर लिए

**बंडोल पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

थे। आरोप है कि आरोपियों ने मनमाना ब्याज जोड़कर लगभग 40 लाख रुपये वसूल लिए और इसके बाद भी 60 लाख रुपये अतिरिक्त मांगने लगे। रकम न देने पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और संपत्ति कब्जे में लेने की शिकायत की गई।

मामले में थाना बंडोल में अपराध क्रमांक 53/2026 धारा 308(4), 296, 3(5) बीएनएस एवं मध्यप्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 3, 4 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### 27 लाख का मशरूका बरामद

पुलिस टीम ने ग्राम मारबोड़ी में दबिश देकर आरोपी ब्रजेश राजपूत और स्वदेश राजपूत को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पीड़ित की स्कॉर्पियो, एक ट्रैक्टर, सीडड्रिल,



रोटावेटर और वैगनआर कार जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 27 लाख रुपये आंकी गई है।

मुख्य आरोपी ब्रजेश राजपूत के खिलाफ सिवनी, छिंदवाड़ा और महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में कुल 15 अपराध दर्ज हैं। उस पर जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। स्वदेश राजपूत के विरुद्ध थाना बंडोल में पूर्व से तीन मामले दर्ज हैं।

**इन अधिकारियों-कर्मचारियों की रही प्रमुख भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी बंडोल उपनिरीक्षक मनोज जंघेला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवेंद्र वसूले, प्रधान आरक्षक क्रमांक 476 बालमुकुंद बघेल, प्रधान आरक्षक क्रमांक 841 संदेश परतेती, प्रधान आरक्षक क्रमांक 53 जयेन्द्र बघेल, आरक्षक क्रमांक 834 सतेंद्र चंद्रवंशी, आरक्षक क्रमांक 446 संतोष डेहरिया, निजी चालक राजेश बघेल, थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक मनोज पाल तथा आरक्षक सौरभ ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सूदखोरी, अवैध वसूली या धमकी जैसे मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

आगामी 22 फरवरी को अंकित का है 14 वां शहीद दिवस

# शहादत के 14 साल बाद भी सम्मान की बाट जोह रहा छपारा का लाल

**छपारा नवभारत।** जाहिर सी बात है कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को याद रखना समाज और प्रशासन का परम कर्तव्य है, लेकिन छपारा नगर की धरा में जन्मे पर बढ़े शहीद अंकित कुमार कोष्टा के मामले में स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है जहां 14 वर्ष बीत जाने को है और यदा-कदा आयोजित कार्यक्रमों में सिर्फ शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने दायित्व को पूरा कर लिया जाता रहा है। बता दें कि वर्ष 2012 को 22 और 23 फरवरी को रात्रि में जम्मू और कश्मीर के डाबर क्षेत्र में बर्फीले तूफान के दौरान देश की रक्षा करते हुए अंकित कोष्टा शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को 14 वर्ष बीत चुके हैं, परंतु आज भी उनके गृह नगर छपारा में उनके नाम पर किसी स्मारक या स्थल की घोषणा नहीं की गई है। सिर्फ शहीद के लिए वर्ष 2023 में आजादी का अमृत उत्सव के तहत अंकित कोष्टा की स्मृति में स्मारक के नाम पर चमारी मार्ग तिराहा पर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आधा अधुरा स्मारक को यूं ही छोड़ दिया गया है जो पहले नगर पंचायत छपारा एवं वर्तमान नगर परिषद छपारा की कार्य-प्रणाली को दर्शा रही है।



### संक्षिप्त परिचय एवं शहादत



11 जुलाई 1986 को जन्मे अंकित कोष्टा वर्ष 2005 में भारतीय सेना के ईएमई केडर पर टेक्निकल विभाग में सैनिक की भर्ती हुए और श्रीनगर के डाबर सेक्टर में वर्ष 2012 में रात्रि को आए एक भीषण बर्फीले तूफान में 17 जवानों के साथ उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका 27 फरवरी 2012 को जबलपुर में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।

### प्रशासन की उपेक्षा से रोष

स्थानीय निवासियों और शहीद के परिजनों में इस बात को लेकर गहरा दुख है कि इतने वर्षों बाद भी नगर परिषद या जिला प्रशासन द्वारा शहीद के सम्मान में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। छपारा की मिट्टी में जन्मे इस वीर योद्धा की याद में एक स्मारक की मांग उठ रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके बलिदान से प्रेरणा ले सके। यह न केवल शहीद का अपमान है, बल्कि नगर के गौरव के साथ भी खिलवाड़ है। ज्ञात हो कि जिला सिवनी कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में भी सिवनी कोष्टा समाज के संरक्षक पूनाराम कुल्हाड़े ने छपारा नगर में एक औषधि वाटिका एवं अग्निवीर प्रशिक्षण केन्द्र को शहीद अंकित कोष्टा की स्मृति और सम्मान स्वरूप बनाए जाने को लेकर मांग की गई है।

## एक नजर में



### भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल हुए श्रद्धालुजन

बरघाट। नगर के छात्रावास के सामने कमल नगर वार्ड नंबर 20 खूंट (बरघाट) में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के साथ आकर्षक लाइटिंग भी की गई थी। इस अवसर पर कमल नगर स्थित शिव मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया गया। पूजन अर्चन उपरांत कमल नगर के भक्त जनों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात लक्ष्मीनारायण मंदिर से ढोलबाजों के साथ निकाली गयी जिसमें भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की बारात में बाराती गण शामिल होकर नृत्य करते हुए शिव मंदिर पहुंचे। जहां बारात की धूमधाम के साथ अगवानी की गई। फिर शिव मंदिर में प्रतीकात्मक रूप से भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें जमकर आतिशबाजी की गई। विवाह संपन्न होने के बाद भगवान शिव की महाआरती संपन्न हुई उसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तगणों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### सिवनी को मिली 143 किमी से अधिक सड़कों की सौगात, विधायक ने जताया आभार





सिवनी। मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सिवनी विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र के विभिन्न मार्गों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इसे लेकर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। बजट में सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 143.25 किलोमीटर लंबाई के विभिन्न मार्गों के निर्माण को मंजूरी मिली है। इनमें 134.15 किमी लंबाई का छपारा से सिरकापार, गोरखपुर, घुंघसा, सुरलाखापा होते हुए छिंदवाड़ा जिले की सीमा तक मार्ग शामिल है। इसके अतिरिक्त 2.50 किमी भाटीवाड़ा खैरी से किसनपुर मार्ग, 2.00 किमी हिनोतिया से पायली मार्ग, 1.60 किमी लामटा बकौड़ी मार्ग तथा 3.00 किमी गोपालगंज से जंगलटोला (सिंगौड़ी) मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इन मार्गों की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर लगातार निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक दिनेश राय ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन प्रस्तावों को बजट में शामिल करने का आग्रह किया था, जिसके बाद बजट में स्वीकृति मिली। विधायक दिनेश राय ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, किसानों और व्यापारियों को लाभ मिलेगा तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। क्षेत्रवासियों ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति को विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए संतोष व्यक्त किया है।

### 22 को होगी चयन परीक्षा, प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध




सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी जिला सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की प्रदेश स्तरीय चयन परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

# कांग्रेस का आरोप :भाजपा के दबाव में पालिका की बैठक स्थगित

**सिवनी नवभारत।** सिवनी नगरपालिका परिषद की प्रस्तावित विशेष बैठक को स्थगित किए जाने को लेकर जिला कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा कार्यालय के निर्देश पर बैठक आगे बढ़ाई गई।




पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष राजिक अकील और शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर मौजूद रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि 16 फरवरी 2026 को आहूत विशेष सम्मिलन की बैठक के ठीक पहले भाजपा पार्षद दल की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया को यह कहते हुए बैठक टालने को कहा गया कि एजेंडे में शामिल विषयों से पार्टी की किरकिरी हो रही है। इसके बाद पार्षदों को 23 फरवरी को बैठक आयोजित किए जाने की सूचना दी गई। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कार्यकारी अध्यक्ष के मौखिक निर्देश पर बैठक की पूरी तैयारी होने के बावजूद, कांग्रेस पार्षद दल की उपस्थिति में भी बैठक स्थगित कर दी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी भाजपा नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल का कहना है कि उन्होंने कई बार पीआईसी की बैठक बुलाने की मांग की, लेकिन नियमों के विपरीत विशेष सम्मिलन आयोजित करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व में पारित प्रस्तावों में संशोधन या निरस्तीकरण की विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाए बिना उन्हीं विषयों को दोबारा परिषद में लाया जा रहा है। साथ ही नगरहित से जुड़े प्रस्तावों को एजेंडे में शामिल नहीं किया जा रहा।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कार्यकारी अध्यक्ष के मनोनयन के बाद से पिछले नौ माह में नगर विकास कार्य ठप पड़े हैं। आम नागरिक समस्याओं को लेकर नगरपालिका पहुंच रहे हैं, लेकिन न तो कार्यकारी अध्यक्ष उपलब्ध रहते हैं और न ही प्रशासनिक स्तर पर समाधान मिल पा रहा है।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट : एमपी ने चैंपियन हरियाणा को 33 रन से हराया

**सिवनी नवभारत।** प्रतिष्ठित आल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गत वर्ष की चैंपियन हरियाणा को 33 रन से पराजित कर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। संतुलित बल्लेबाजी और धारदार गेंदबाजी के दम पर टीम ने मैच पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा।

हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्यप्रदेश ने निर्धारित 15 ओवर में 136 रन बनाए। कप्तान पियूष नेवारे ने 60 रनों की जिम्मेदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि अबुजर खान ने 49 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अन्य खिलाड़ियों में निलेश राहंगडाले, विशाल कहार, विनीत, आदर्श और नीलेश विक्की ने भी महत्वपूर्ण योगदान देते हुए टीम संयोजन को संतुलित बनाए रखा। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम मध्यप्रदेश के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई और 103 रन पर ऑल आउट हो गई। निलेश राहंगडाले ने तीन ओवर में मात्र 14 रन देकर 4 विकेट झटके और मैच का रुख निर्णायक रूप



से मोड़ दिया। विशाल कहार को 2 विकेट मिले, जबकि विनीत और आदर्श ने एक-एक सफलता हासिल की। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए निलेश राहंगडाले को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उल्लेखनीय है कि नीलेश विक्की का सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम में लगातार चौथी बार चयन हुआ है। वे पूर्व में आईपीसीएल का भी हिस्सा रह चुके हैं और खेल के प्रति अपने समर्पण, निरंतर अभ्यास और 100 प्रतिशत प्रदर्शन के लिए पहचाने जाते हैं। मध्यप्रदेश की इस प्रभावशाली जीत से टीम का मनोबल ऊंचा है और आगामी मुकाबलों में भी इसी लय को बरकरार रखने का लक्ष्य रखा गया है।

# सृजन' अभियान में छात्राओं का दमदार प्रदर्शन, 700 से अधिक बालिकाओं ने लिया हिस्सा

**सिवनी नवभारत।** किशोरियों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा संचालित 'सृजन-सम्मान' अभियान के अंतर्गत माता शबरी शासकीय कन्या परिसर, सिवनी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में रेंज छिंदवाड़ा के पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी बरघाट ललित गठरे, एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े, एसडीओपी अपूर्व भलावी और सीएसपी सचिन परते सहित पुलिस प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और संगीतमय वंदना से हुआ। संस्था के प्राचार्य मनोहर सिंह राहंगडाले ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। मेधावी छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

ओमकार कश्यप के निर्देशन में छात्राओं ने सामूहिक कराते और आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं की एकाग्रता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता ने उपस्थितजनों को प्रभावित किया।

मुख्य अतिथि राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि बेटियां समाज की नेतृत्वकर्ता बनें और हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास से करें। उन्होंने कहा कि पितृसत्तात्मक सोच को बदलने की दिशा में बेटियां लगातार आगे बढ़ रही हैं, लेकिन आत्मरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को शासकीय सेवाओं में आने और समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने 'अनआर्म्स ट्रेनिंग' के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को जीवन में सही निर्णय लेने और अपने परिवार व समाज का मान-सम्मान बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय में भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण अतिथियों द्वारा कक्षा 11 और



12 की सभी छात्राओं तथा अन्य मेधावी बालिकाओं को सामान्य ज्ञान और समसामयिकी विषयों की पुस्तकें एवं पेन भेंट किए गए, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित हों। छात्रा वर्षा सलामे ने अभियान से मिली सीख पर अपने विचार रखे और प्रश्नोत्तर के माध्यम से साथियों को उत्साहित किया। मार्गिक फाउंडेशन ने 'मैं भी टाइगर' गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। मातृशक्ति संगठन की प्रतिनिधियों ने छात्राओं को देशप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित किया।

**टीमवर्क से सफल हुआ आयोजन**

कार्यक्रम का संचालन कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और सूबेदार जितेंद्र रावतकर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी डूंडा सीएस उइके, प्रभारी लखनवाड़ा सीके सिरामे, प्रभारी कोतवाली सतीष तिवारी, प्रभारी यातायात विजय बघेल, प्रभारी अजाक अनंती मर्सकोले सहित पुलिस बल के अनेक सदस्यों का सहयोग रहा। छात्रावास अधीक्षिका मंजू परते, भावना चौरसिया, रोशनी जैन, शारदा हरिद्वार, संगीतज्ञ आशीष तिवारी और अन्य सहयोगियों के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति में 700 से अधिक छात्राओं ने उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। आयोजन ने छात्राओं में आत्मरक्षा, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

# जेईई मेन में अमृता ने लहराया परचम

**97.32 प्रतिशत के साथ जिले को किया गौरवान्वित**

केवलारी नवभारत। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE Main) सीजन-1 का परिणाम दिनांक 16 फरवरी 2026 को घोषित किया गया, जिसमें केवलारी नगर की होनहार छात्रा अमृता सिंह बघेल ने 97.32 प्रतिशताइल अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अमृता सिंह बघेल, प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्र बजरंग दल मध्यप्रदेश एवं नगर परिषद वार्ड क्रमांक 8 केवलारी के पार्षद स्वराज सिंह बघेल तथा अंजू बघेल की सुपुत्री हैं। उन्होंने प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

अमृता वर्तमान में बीई/बीटेक में प्रवेश हेतु तैयारी कर रही हैं और उन्होंने अपनी तैयारी नागपुर के जामठा स्थित इंसाइड कोचिंग संस्थान से की। कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने जेईई मेन सीजन-1 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की। अमृता की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया



है कि दृढ़ संकल्प और परिश्रम के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे नगर में हर्ष का माहौल है। अमृता की इस सफलता पर मनीष जैन, रमाशंकर महोबिया, दामोदर प्रसाद शुक्ला, रफीक खान, सुधीर पांडे, राकेश आत्मपूज्य, पवन बघेल, प्रवीण दुबे, राजेश बघेल , आशीष जंघेला, ओमप्रकाश नगपुरे, जयसिंह राजपूत, पवन यादव, प्रशांत भारद्वाज, दीपेश पांडे, आशीष जंघेला,मुकेश चौरसिया सहित केवलारी नगर के वरिष्ठजनों ,पत्रकार बन्धुओं ,परिजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने अमृता को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी इसी प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी।

**परिक्रमा** | नर्मदा परिक्रमा पथ घंसौर पहुंचे भैयाजी सरकार

# वन की शक्तियों का दर्शन प्रभु श्रीराम ने कराया : दादा गुरु

**घंसौर नवभारत।** मां नर्मदा के परम भक्त भैयाजी सरकार जो नर्मदा जल और वायु को आहार बनाकर चार वर्षों से निरंतर नर्मदा परिक्रमा पथ पर चलायमान हैं विगत 14 फरवरी शनिवार को शाम लगभग 6 बजे कुंवर शक्ति सिंह के रामछाया बड़ी बखरी भावा एकेडमी घंसौर स्थित परिसर पहुंचे जहां भैयाजी सरकार का भव्य स्वागत किया गया उनके साथ सैंकड़ों परिक्रमा वासियों का आगमन भी हुआ इस दौरान उन्होंने भक्तों को जीवन का दर्शन कराते हुए कहा कि जीवन में सत्संग की महिमा है, सत्संग से शक्तियों का दर्शन होता है सत्संग उन शक्तियों का दर्शन कराता है जो जीव - जगत का आधार हैं सत्संग से



भाग्योदय होता है नर्मदा पथ पर सत्संग मिल जाये तो यह सहत्र कोटि यज्ञ के समतुल्य है, सत्संग धन और बल से संभव नहीं होता, पूर्वजो के आशीर्वाद और भगवान की कृपा से ही सत्संग प्राप्त होता है। दुनिया में भारत की धरा पर ही नदियां के रूप में शक्तियां प्रगट हुई गंगा नर्मदा के रूप में हमने शक्तियों को प्राप्त किया है।

यह जीव- जगत और पृथ्वी, ब्रम्हांड की उत्पति का आधार यही शक्तियां है आज जाति के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि वन की शक्तियों का दर्शन प्रभु श्रीराम ने कराया, वनवासी का चरित्र वन में रहकर राम ने जिया है राम के वन में कौन आ गया है जो हमें राम से विमुख कर रहा है। घंसौर 100 गाँव की राजधानी है घंसौर विचार करना सेवा तो हमने भी किया है सेवा से घर परिवार का जीवन चलता है लेकिन धर्म नहीं बदलता, यह आदिवासी अंचल में कौन सी सेवा हो रही है सेवा को आधार बनाकर कौन सी संस्कृति प्रवेश कर रही है कई वर्षों से हद पार हो गई है इसलिए मौन तोड़ना पड रहा है सेवा से धर्म नहीं बदलता हम पहली बार देख रहे हैं जिस प्रभु श्रीराम ने सिखाया पेड़ - पौधों और पहाडों का स्वरूप बताया उन वनों से प्रभु श्रीराम को कौन विमुख कर रहा है जो चिंतन का विषय है। भैयाजी सरकार के आशीष वचनों के उपरांत मां नर्मदा अष्टक और आरती पूजन सम्पन्न हुआ तदुपरांत दो हजार अधिक भक्तों को भोजन प्रसाद कराया गया, रविवार को सुबह भैयाजी सरकार नर्मदा परिक्रमा पथ पर रवाना हुए।

# नर्सरी के कृतिक ने किया विद्यालय परिवार को गौरवान्वित



**गणेशगंज नवभारत।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की योजना अनुसार किए गए समझ और गतिविधि आधारित सरल पाठ्यक्रम के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षकों को निरंतर प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं इससे सभी सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूलों में निरंतर शिक्षण सुधार हो रहा है परिणाम यह है कि बच्चे अपने मन से कई अंग्रेजी वाक्य बोल व लिख पा रहे हैं ।

इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर गणेशगंज ग्राम भारती सिवनी विद्यालय के छात्र कृतिक बागरे ने मात्र नर्सरी में ही स्वयं के मन से अंग्रेजी वाक्य बनाकर लिखना और बोलना शुरू कर दिया है अंग्रेजी के अलावा फास्ट मेथड से फास्ट हिंदी रीडिंग एवं राइटिंग भी सीखी है कृतिक की इस उपलब्धि से प्रभावित होकर नवाचार शिक्षा संस्थान नई दिल्ली ने कृतिक को विशेष प्रतिभा प्रमाण पत्र और शील्ड से सम्मानित किया है ।

कृतिक के शिक्षक को भी वेस्ट शिक्षक प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया है कृतिक की तरह विद्यालय के अन्य छात्र भी अंग्रेजी के वाक्य बोल व लिख रहे हैं कृतिक एवं अन्य छात्रों की सफलता का श्रेय विद्या भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे, प्रादेशिक सचिव ईश्वर दास पटेल, प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ठाकुर ,सह प्रांत प्रमुख राजेंद्र जैन, आंग्ल भाषा प्रमुख महेंद्र हरिनखेडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार सिंह राजपूत संबंधित आचार्य दीदी एवं विद्यालय समिति को जाता है।